**खंड**

20. सात वर्ष से कम आयु के बालक का कार्य ।
21. सात वर्ष से ऊपर, किंतु बारह वर्ष से कम आयु के अपरिपक्व समझ के बालक का कार्य ।
22. विकृत चित्त वाले व्यक्ति का कार्य ।
23. ऐसे व्यक्ति का कार्य जो अपनी इच्छा के विरुद्ध मत्तता में होने के कारण निर्णय पर पहुंचने में असमर्थ है ।
24. किसी व्यक्ति द्वारा, जो मत्तता में है, किया गया अपराध जिसमें विशेष आशय या ज्ञान का होना अपेक्षित है ।
25. सम्मति से किया गया कार्य जिससे मृत्यु या घोर उपहति कारित करने का आशय न हो और न उसकी संभाव्यता का ज्ञान हो ।
26. किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सम्मति से सद्भावपूर्वक किया गया कार्य, जिससे मृत्यु कारित करने का आशय नहीं है।
27. संरक्षक द्वारा या उसकी सम्मति से बालक या विकृत चित्त वाले व्यक्ति के फायदे के लिए सद्भावपूर्वक किया गया कार्य ।
28. सम्मति, जिसके संबंध में यह ज्ञात हो कि वह भय या भ्रम के अधीन दी गई है ।
29. ऐसे कार्यों का अपवर्जन जो कारित अपहानि के बिना भी स्वत: अपराध है ।
30. सम्मति के बिना किसी व्यक्ति के फायदे के लिए सद्भावपूर्वक किया गया कार्य ।
31. सद्भावपूर्वक दी गई संसूचना ।
32. वह कार्य जिसको करने के लिए कोई व्यक्ति धमकियों द्वारा विवश किया गया है ।
33. तुच्छ अपहानि कारित करने वाला कार्य ।

**प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के विषय में**

34. प्राइवेट प्रतिरक्षा में की गई बातें ।
35. शरीर तथा संपत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार ।
36. ऐसे व्यक्ति के कार्य के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार, जो विकृत चित्त व्यक्ति हो ।
37. कार्य, जिनके विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं है ।
38. शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने पर कब होता है ।
39. कब ऐसे अधिकार का विस्तार मृत्यु से भिन्न कोई अपहानि कारित करने तक का होता है ।
40. शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का प्रारंभ और बना रहना ।
41. कब संपत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक का होता है ।
42. ऐसे अधिकार का विस्तार मृत्यु से भिन्न कोई अपहानि कारित करने तक का कब होता है ।
43. सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का प्रारंभ और बना रहना ।
44. घातक हमले के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार जबकि निर्दोष व्यक्ति को अपहानि होने की जोखिम है ।

**अध्याय 4**

## दुष्प्रेरण, आपराधिक षड्यंत्र और प्रयास के विषय में

**दुष्प्रेरण के विषय में**

45. किसी बात का दुष्प्रेरण ।

**खंड**

46. दुष्प्रेरक ।
47. भारत से बाहर के अपराधों का भारत में दुष्प्रेरण ।
48. भारत में अपराधों का भारत से बाहर दुष्प्रेरण ।
49. दुष्प्रेरण का दण्ड, यदि दुष्प्रेरित कार्य उसके परिणामस्वरूप किया जाए, और जहां कि उसके दण्ड के लिए कोई अभिव्यक्त उपबन्ध नहीं है ।
50. दुष्प्रेरण का दण्ड, यदि दुष्प्रेरित व्यक्ति दुष्प्रेरक के आशय से भिन्न आशय से कार्य करता है ।
51. दुष्प्रेरक का दायित्व जब एक कार्य का दुष्प्रेरण किया गया है और उससे भिन्न कार्य किया गया है ।
52. दुष्प्रेरक कब दुष्प्रेरित कार्य के लिए और किए गए कार्य के लिए आकलित दण्ड से दण्डनीय है ।
53. दुष्प्रेरित कार्य से कारित उस प्रभाव के लिए दुष्प्रेरक का दायित्व जो दुष्प्रेरक द्‌वारा आशयित से भिन्न हो ।
54. अपराध किए जाते समय दुष्प्रेरक की उपस्थिति ।
55. मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय अपराध का दुष्प्रेरण ।
56. कारावास से दण्डनीय अपराध का दुष्प्रेरण ।
57. लोक साधारण द्‌वारा या दस से अधिक व्यक्तियों द्‌वारा अपराध किए जाने का दुष्प्रेरण ।
58. मृत्यु या आजीवन कारावास से दंडनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना ।
59. किसी ऐसे अपराध के किए जाने की परिकल्पना का लोक सेवक द्‌वारा छिपाया जाना, जिसका निवारण करना उसका कर्तव्य है ।
60. कारावास से दंडनीय अपराध करने की परिकल्पना को छिपाना ।

**आपराधिक षड्‌यंत्र के विषय में**

61. आपराधिक षड्‌यंत्र ।

**प्रयत्न के विषय में**

62. आजीवन कारावास या अन्य कारावास से दण्डनीय अपराधों को करने के प्रयत्न करने के लिए दण्ड ।

**अध्याय 5**

## महिला और बालक के विरुद्‌ध अपराधों के विषय में

**लैंगिक अपराधों के विषय में**

63. बलात्संग ।
64. बलात्संग के लिए दंड ।
65. कतिपय मामलों में बलात्संग के लिए दंड ।
66. पीड़िता की मृत्यु या सतत् विकृतशील दशा कारित करने के लिए दंड ।
67. पति द्‌वारा अपनी पत्नी के साथ पृथक्करण के दौरान मैथुन ।
68. प्राधिकार में किसी व्यक्ति द्‌वारा मैथुन ।
69. प्रवंचनापूर्ण साधनों, आदि का प्रयोग करके मैथुन ।
70. सामूहिक बलात्संग ।
71. पुनरावृत्तिकर्ता अपराधियों के लिए दंड ।

**खंड**

72. कतिपय अपराधों आदि से पीड़ित व्यक्ति की पहचान का प्रकटीकरण ।

73. अनुज्ञा के बिना न्यायालय की कार्यवाहियों से संबंधित किसी मामले का मुद्रण या प्रकाशन करना ।

**महिला के विरुद्ध आपराधिक बल और हमले के विषय में**

74. महिला की लज्जा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग ।

75. लैंगिक उत्पीड़न ।

76. विवस्त्र करने के आशय से महिला पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग ।

77. दृश्यरतिकता।

78. पीछा करना ।

79. शब्द, अंगविक्षेप या कार्य, जो किसी महिला की लज्जा का अनादर करने के लिए आशयित है।

**विवाह से संबंधित अपराधों के विषय में**

80. दहेज मृत्यु ।

81. विधिपूर्ण विवाह का प्रवंचना से विश्वास उत्प्रेरित करने वाले पुरुष द्वारा कारित सहवास ।

82. पति या पत्नी के जीवनकाल में पुनः विवाह करना ।

83. विधिपूर्ण विवाह के बिना कपटपूर्वक विवाह कर्म पूरा कर लेना ।

84. विवाहित महिला को आपराधिक आशय से फुसलाकर ले जाना, या ले जाना या निरुद्ध रखना ।

85. किसी महिला के पति या पति के नातेदार द्वारा उसके प्रति क्रूरता करना ।

86 क्रूरता की परिभाषा ।

87. विवाह आदि के करने को विवश करने के लिए किसी महिला को व्यपहृत करना, अपहृत करना या उत्प्रेरित करना ।

**गर्भपात, आदि कारित करने के विषय में**

88. गर्भपात कारित करना ।

89. महिला की सम्मति के बिना गर्भपात कारित करना ।

90. गर्भपात कारित करने के आशय से किए गए कार्यों द्वारा कारित मृत्यु ।

91. बालक का जीवित पैदा होना रोकने या जन्म के पश्चात् उसकी मृत्यु कारित करने के आशय से किया गया कार्य ।

92. ऐसे कार्य द्वारा जो आपराधिक मानव वध की कोटि में आता है, किसी सजीव अजात बालक की मृत्यु कारित करना ।

**बालक के विरुद्ध अपराधों के विषय में**

93. बालक के पिता या माता या उसकी देखरेख रखने वाले व्यक्ति द्वारा बारह वर्ष से कम आयु के बालक का अरक्षित डाल दिया जाना और परित्याग ।

94. मृत शरीर के गुप्त व्ययन द्वारा जन्म छिपाना ।

95. अपराध को कारित करने के लिए बालक को भाडे पर लेना, नियोजित करना या नियुक्त करना ।

96. बालक का उपापन ।

97. दस वर्ष से कम आयु के बालक के शरीर पर से चोरी करने के आशय से उसका व्यपहरण या अपहरण ।

**खंड**

98. वेश्यावृत्ति आदि के प्रयोजन के लिए बालक को बेचना ।

99. वेश्यावृत्ति आदि के प्रयोजनों के लिए बालक को खरीदना ।

**अध्याय 6**

## मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले अपराधों के विषयों में

### जीवन के लिए संकटकारी अपराधों के विषय में

100. आपराधिक मानव वध ।

101. हत्या ।

102. जिस व्यक्ति की मृत्यु कारित करने का आशय था उससे भिन्न व्यक्ति की मृत्यु करके आपराधिक मानव वध ।

103. हत्या के लिए दण्ड ।

104. आजीवन सिद्धदोष द्वारा हत्या के लिए दण्ड।

105. हत्या की कोटि में न आने वाले आपराधिक मानव वध के लिए दण्ड।

106. उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करना ।

107. बालक या विकृत्त चित्त व्यक्ति की आत्महत्या का दुष्प्रेरण ।

108. आत्महत्या का दुष्प्रेरण ।

109. हत्या करने का प्रयत्न ।

110. आपराधिक मानव वध करने का प्रयत्न ।

111. संगठित अपराध ।

112. छोटे संगठित अपराध ।

113. आतंकवादी कृत्य ।

### उपहति के विषय में

114. उपहति ।

115. स्वेच्छया उपहति कारित करना ।

116. घोर उपहति ।

117. स्वेच्छया घोर उपहति कारित करना ।

118. खतरनाक आयुधों या साधनों द्वारा स्वेच्छया उपहति या घोर उपहति कारित करना ।

119. संपत्ति उद्दापित करने के लिए या अवैध कार्य कराने को मजबूर करने के लिए स्वेच्छया उपहति या घोर उपहति कारित करना ।

120. संस्वीकृति उद्दापित करने या विवश करके संपत्ति का प्रत्यावर्तन कराने के लिए स्वेच्छया उपहति या घोर उपहति कारित करना ।

121. लोक सेवक को अपने कर्तव्य से भयोपरत् करने के लिए स्वेच्छया उपहति या घोर उपहति कारित करना ।

122. प्रकोपन पर स्वेच्छया उपहति या घोर उपहति कारित करना ।

123. अपराध करने के आशय से विष इत्यादि द्वारा उपहति कारित करना ।

124. अम्ल आदि का प्रयोग करके स्वेच्छया घोर उपहति कारित करना ।

125. कार्य जिससे दूसरों का जीवन या वैयक्तिक क्षेम संकटापन्न हो ।

**खंड**

**सदोष अवरोध और सदोष परिरोध के विषय में**

126. सदोष अवरोध ।
127. सदोष परिरोध ।

**आपराधिक बल और हमले के विषय में**

128. बल ।
129. आपराधिक बल ।
130. हमला ।
131. गम्भीर प्रकोपन होने से अन्यथा हमला करने या आपराधिक बल का प्रयोग करने के लिए दण्ड ।
132. लोक सेवक को अपने कर्तव्य के निर्वहन से भयोपरत् करने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग ।
133. गम्भीर प्रकोपन होने से अन्यथा किसी व्यक्ति का अनादर करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग ।
134. किसी व्यक्ति द्वारा ले जाई जाने वाली संपत्ति की चोरी के प्रयत्नों में हमला या आपराधिक बल का प्रयोग ।
135. किसी व्यक्ति का सदोष परिरोध करने के प्रयत्नों में हमला या आपराधिक बल का प्रयोग ।
136. गम्भीर प्रकोपन मिलने पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग ।

**व्यपहरण, अपहरण, दासत्व और बलात्श्रम के विषय में**

137. व्यपहरण ।
138. अपहरण ।
139. भीख मांगने के प्रयोजनों के लिए बालक का व्यपहरण या विकलांगीकरण ।
140. हत्या करने के लिए या फिरौती, आदि के लिए व्यपहरण या अपहरण ।
141. विदेश से बालिका या बालक का लाना ।
142. व्यपहृत या अपहृत व्यक्ति को सदोष छिपाना या परिरोध में रखना ।
143. व्यक्ति का दुर्व्यापार ।
144. ऐसे व्यक्ति का, जिसका दुर्व्यापार किया गया है, शोषण ।
145. दासों का आभ्यासिक व्यौहार करना ।
146. विधिविरुद्ध अनिवार्य श्रम ।

**अध्याय 7**

## राज्य के विरुद्ध अपराधों के विषय में

147. भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करना या युद्ध करने का प्रयत्न करना या युद्ध करने का दुष्प्रेरण करना ।
148. धारा 147 द्वारा दंडनीय अपराधों को करने का षड्यंत्र ।
149. भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करने के आशय से आयुध आदि संग्रह करना ।
150. युद्ध करने की परिकल्पना को सुकर बनाने के आशय से छिपाना ।
151. किसी विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग करने के लिए विवश करने या उसका प्रयोग अवरोधित करने के आशय से राष्ट्रपति, राज्यपाल आदि पर हमला करना ।

**खंड**

152. भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्य ।

153. भारत सरकार से मैत्री संबंध रखने वाले किसी विदेशी राज्य के विरुद्ध युद्ध करना ।

154. भारत सरकार के साथ शांति का संबंध रखने वाले विदेशी राज्य के राज्यक्षेत्र में लूटपाट करना ।

155. धारा 153 और धारा 154 में वर्णित युद्ध या लूटपाट द्वारा ली गई सम्पत्ति प्राप्त करना ।

156. लोक सेवक का स्वेच्छया राजकैदी या युद्धकैदी को निकल भागने देना ।

157. उपेक्षा से लोक सेवक का ऐसे कैदी का निकल भागना सहन करना ।

158. ऐसे कैदी के निकल भागने में सहायता देना, उसे छुड़ाना या संश्रय देना ।

**अध्याय 8**

## सेना नौसेना और वायुसेना से संबंधित अपराधों के विषय में

159. विद्रोह का दुष्प्रेरण या किसी सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक को कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करना ।

160. विद्रोह का दुष्प्रेरण यदि उसके परिणामस्वरूप विद्रोह किया जाए ।

161. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी पर जब कि वह अधिकारी अपने पद-निष्पादन में हो, हमले का दुष्प्रेरण ।

162. ऐसे हमले का दुष्प्रेरण यदि हमला किया जाए ।

163. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अभित्यजन का दुष्प्रेरण ।

164. अभित्याजक को संश्रय देना ।

165. मास्टर की उपेक्षा से किसी वाणिज्यिक जलयान पर छिपा हुआ अभित्याजक ।

166. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अनधीनता के कार्य का दुष्प्रेरण ।

167. कतिपय अधिनियमों के अध्यधीन व्यक्ति ।

168. सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली पोशाक पहनना या टोकन धारण करना ।

**अध्याय 9**

## निर्वाचन संबंधी अपराधों के विषय में

169. अभ्यर्थी, निर्वाचन अधिकार परिभाषित ।

170. रिश्वत ।

171. निर्वाचनों में असम्यक् असर डालना ।

172. निर्वाचनों में प्रतिरूपण।

173. रिश्वत के लिए दण्ड ।

174. निर्वाचनों में असम्यक् असर डालने या प्रतिरूपण के लिए दण्ड ।

175. निर्वाचन के सिलसिले में मिथ्या कथन ।

176. निर्वाचन के सिलसिले में अवैध संदाय ।

177. निर्वाचन लेखा रखने में असफलता ।

**खंड**

**अध्याय 10**

## सिक्कों, करेंसी नोटों, बैंक नोटों और सरकारी स्टाम्पों से संबंधित अपराधों के विषय में

178. सिक्कों, सरकारी स्टांपों, करेंसी नोटों या बैंक नोटों कूटकरण ।

179. कूटरचित या कूटकृत सिक्के, सरकारी स्टाम्प, करेंसी नोट या बैंक नोट को असली के रूप में उपयोग करना ।

180. कूटरचित या कूटकृत सिक्के, सरकारी स्टाम्प, करेंसी नोटों या बैंक नोटों को कब्जे में रखना ।

181. लिखत या कूटरचना के लिए सामग्री या कूटकृत सिक्के, सरकारी स्टाम्प, करेंसी नोटों या बैंक नोटों बनाना या कब्जे में रखना ।

182. करेंसी नोटों या बैंक नोटों के सदृश रखने वाले दस्तावेजों की रचना या उपयोग ।

183. सरकार को हानि कारित करने के आशय से, उस पदार्थ पर से, जिस पर सरकारी स्टाम्प लगा हुआ है, लेख मिटाना या दस्तावेज से वह स्टाम्प हटाना, जो उसके लिए उपयोग में लाया गया है ।

184. ऐसे सरकारी स्टाम्प का उपयोग जिसके बारे में ज्ञात है कि उसका पहले उपयोग हो चुका है ।

185. स्टाम्प के उपयोग किए जा चुकने के द्योतक चिह्न का छीलकर मिटाना।

186. बनावटी स्टाम्पों का प्रतिषेध ।

187. टकसाल में नियोजित व्यक्ति द्वारा सिक्के का उस वजन या मिश्रण से भिन्न कारित किया जाना जो विधि द्वारा नियत है ।

188. टकसाल से सिक्का बनाने का उपकरण विधिविरुद्ध रूप से लेना ।

**अध्याय 11**

## लोक प्रशांति के विरुद्ध अपराधों के विषय में

189. विधिविरुद्ध जमाव ।

190. विधिविरुद्ध जमाव का प्रत्येक सदस्य, सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने के लिए किए गए अपराध का दोषी ।

191. बल्वा करना ।

192. बल्वा कराने के आशय से स्वैरिता से प्रकोपन देना- यदि बल्वा किया जाए; यदि बल्वा न किया जाए ।

193. उस भूमि के स्वामी, अधिभोगी, आदि, जिस पर विधिविरुद्ध जमाव या बल्वा किया गया है, का दायित्व ।

194. दंगा ।

195. लोक सेवक जब बल्वे इत्यादि को दबा रहा हो, तब उस पर हमला करना या उसे बाधित करना ।

196. धर्म, मूलवंश, जन्म-स्थान, निवास-स्थान, भाषा, इत्यादि के आधारों पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन और सौहार्द बने रहने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कार्य करना ।

197. राष्ट्रीय अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले लांछन, प्राख्यान ।

खंड

### अध्याय 12

## लोक सेवकों द्वारा या उनसे संबंधित अपराधों के विषय में

198. लोक सेवक, जो किसी व्यक्ति को क्षति कारित करने के आशय से विधि की अवज्ञा करता है ।
199. लोक सेवक, जो विधि के अधीन निदेश की अवज्ञा करता है ।
200. पीड़ित का उपचार न करने के लिए दंड ।
201. लोक सेवक, जो क्षति कारित करने के आशय से अशुद्ध दस्तावेज रचता है ।
202. लोक सेवक, जो विधिविरुद्ध रूप से व्यापार में लगा है ।
203. लोक सेवक, जो विधिविरुद्ध रूप से संपत्ति क्रय करता है या उसके लिए बोली लगाता है ।
204. लोक सेवक का प्रतिरूपण ।
205. कपटपूर्ण आशय से लोक सेवक के उपयोग की पोशाक पहनना या टोकन को धारण करना ।

### अध्याय 13

## लोक सेवकों के विधिपूर्ण प्राधिकार के अवमान के विषय में

206. समनों की तामील या अन्य कार्यवाही से बचने के लिए फरार हो जाना ।
207. समन की तामील का या अन्य कार्यवाही का या उसके प्रकाशन का निवारण करना ।
208. लोक सेवक का आदेश न मानकर गैर-हाजिर रहना ।
209. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 84 के अधीन किसी उद्घोषणा के उत्तर में गैर-हाजिरी ।
210. दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख पेश करने के लिए विधिक रूप से आबद्ध व्यक्ति का लोक सेवक को पेश करने का लोप ।
211. विधिक रूप से आबद्ध व्यक्ति द्वारा लोक सेवक को सूचना या इत्तिला देने का लोप ।
212. मिथ्या इत्तिला देना ।
213. शपथ या प्रतिज्ञान से इंकार करना, जबकि लोक सेवक द्वारा वह वैसा करने के लिए सम्यक् रूप से अपेक्षित किया जाए ।
214. प्रश्न करने के लिए प्राधिकृत लोक सेवक का उत्तर देने से इंकार करना ।
215. कथन पर हस्ताक्षर करने से इंकार ।
216. शपथ दिलाने या प्रतिज्ञान कराने के लिए प्राधिकृत लोक सेवक के, या व्यक्ति के समक्ष शपथ या प्रतिज्ञान पर मिथ्या कथन ।
217. इस आशय से मिथ्या इत्तिला देना कि लोक सेवक अपनी विधिपूर्ण शक्ति का उपयोग दूसरे व्यक्ति को क्षति करने के लिए करे ।
218. लोक सेवक के विधिपूर्ण प्राधिकार द्वारा संपत्ति लिए जाने का प्रतिरोध ।
219. लोक सेवक के प्राधिकार द्वारा विक्रय के लिए प्रस्थापित की गई संपत्ति के विक्रय में बाधा उपस्थित करना ।
220. लोक सेवक के प्राधिकार द्वारा विक्रय के लिए प्रस्थापित की गई संपत्ति का अवैध क्रय या उसके लिए अवैध बोली लगाना ।
221. लोक सेवक के लोक कृत्यों के निर्वहन में बाधा डालना ।
222. लोक सेवक की सहायता करने का लोप, जबकि सहायता देने के लिए विधि द्वारा आबद्ध हो ।

**खंड**

223. लोक सेवक द्वारा सम्यक् रूप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा ।

224. लोक सेवक को क्षति करने की धमकी ।

225. लोक सेवक से संरक्षा के लिए आवेदन करने से विरत रहने के लिए किसी व्यक्ति को उत्प्रेरित करने के लिए क्षति की धमकी ।

226. विधिविरुद्ध शक्ति का प्रयोग करने या प्रयोग करने से विरत रहने के लिए आत्महत्या करने का प्रयास ।

**अध्याय 14**

## मिथ्या साक्ष्य और लोक न्याय के विरुद्ध अपराधों के विषय में

227. मिथ्या साक्ष्य देना ।

228. मिथ्या साक्ष्य गढ़ना ।

229. मिथ्या साक्ष्य के लिए दंड ।

230. मृत्यु से दंडनीय अपराध के लिए दोषसिद्धि कराने के आशय से मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना ।

231. आजीवन कारावास या कारावास से दंडनीय अपराध के लिए दोषसिद्धि कराने के आशय से मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना ।

232. किसी व्यक्ति को मिथ्या साक्ष्य देने के लिए धमकाना या उत्प्रेरित करना ।

233. उस साक्ष्य को काम में लाना, जिसका मिथ्या होना ज्ञात है ।

234. मिथ्या प्रमाणपत्र जारी करना या हस्ताक्षरित करना ।

235. प्रमाणपत्र को, जिसका मिथ्या होना ज्ञात है, सत्य के रूप में काम में लाना ।

236. ऐसी घोषणा में, जो साक्ष्य के रूप में विधि द्वारा ली जा सके, किया गया मिथ्या कथन ।

237. ऐसी घोषणा का मिथ्या होना जानते हुए, सच्ची के रूप में काम में लाना ।

238. अपराध के साक्ष्य का विलोपन, या अपराधी को प्रतिच्छादित करने के लिए मिथ्या इत्तिला देना ।

239. इत्तिला देने के लिए आबद्ध व्यक्ति द्वारा अपराध की इत्तिला देने का जानबूझकर लोप ।

240. किए गए अपराध के विषय में मिथ्या इत्तिला देना ।

241. साक्ष्य के रूप में किसी दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख का पेश किया जाना निवारित करने के लिए उसको नष्ट करना ।

242. वाद या अभियोजन में किसी कार्य या कार्यवाही के प्रयोजन से मिथ्या प्रतिरूपण ।

243. संपत्ति को समपहरण किए जाने में या निष्पादन में अभिगृहीत किए जाने से निवारित करने के लिए उसे कपटपूर्वक हटाना या छिपाना ।

244. संपत्ति पर उसके समपहरण किए जाने में या निष्पादन में अभिगृहीत किए जाने से निवारित करने के लिए कपटपूर्वक दावा ।

245. ऐसी राशि के लिए जो शोध्य न हो कपटपूर्वक डिक्री होने देना सहन करना ।

246. बेईमानी से न्यायालय में मिथ्या दावा करना ।

247. ऐसी राशि के लिए जो शोध्य नहीं है कपटपूर्वक डिक्री अभिप्राप्त करना ।

248. क्षति करने के आशय से अपराध का मिथ्या आरोप ।

249. अपराधी को संश्रय देना ।

250. अपराधी को दंड से प्रतिच्छादित करने के लिए उपहार आदि लेना ।

खंड
251. अपराधी के प्रतिच्छादन के प्रतिफलस्वरूप उपहार की प्रस्थापना या संपत्ति का प्रत्यावर्तन ।
252. चोरी की संपत्ति इत्यादि के वापस लेने में सहायता करने के लिए उपहार लेना ।
253. ऐसे अपराधी को संश्रय देना, जो अभिरक्षा से निकल भागा है या जिसको पकड़ने का आदेश दिया जा चुका है।
254. लुटेरों या डाकुओं को संश्रय देने के लिए शास्ति ।
255. लोक सेवक द्वारा किसी व्यक्ति को दंड से या किसी संपत्ति के समपहरण से बचाने के आशय से विधि के निदेश की अवज्ञा ।
256. किसी व्यक्ति को दंड से या किसी संपत्ति को समपहरण से बचाने के आशय से लोक सेवक द्वारा अशुद्ध अभिलेख या लेख की रचना ।
257. न्यायिक कार्यवाही में विधि के प्रतिकूल रिपोर्ट आदि का लोक सेवक द्वारा भ्रष्टतापूर्वक किया जाना ।
258. प्राधिकार वाले व्यक्ति द्वारा जो यह जानता है कि वह विधि के प्रतिकूल कार्य कर रहा है, विचारण के लिए या परिरोध करने के लिए सुपुर्दगी ।
259. पकड़ने के लिए आबद्ध लोक सेवक द्वारा पकड़ने का जानबूझकर लोप ।
260. दंडादेश के अधीन या विधिपूर्वक सुपुर्द किए गए व्यक्ति को पकड़ने के लिए आबद्ध लोक सेवक द्वारा पकड़ने का जानबूझकर लोप ।
261. लोक सेवक द्वारा उपेक्षा से परिरोध या अभिरक्षा में से निकल भागना सहन करना ।
262. किसी व्यक्ति द्वारा विधि के अनुसार अपने पकड़े जाने में प्रतिरोध या बाधा ।
263. किसी अन्य व्यक्ति के विधि के अनुसार पकड़े जाने में प्रतिरोध या बाधा ।
264. उन दशाओं में, जिनके लिए अन्यथा उपबंध नहीं है, लोक सेवक द्वारा पकड़ने का लोप या निकल भागना सहन करना ।
265. अन्यथा अनुपबंधित दशाओं में विधिपूर्वक पकड़ने में प्रतिरोध या बाधा या निकल भागना या छुड़ाना ।
266. दंड के परिहार की शर्त का अतिक्रमण ।
267. न्यायिक कार्यवाही में बैठे हुए लोक सेवक का जानबूझकर अपमान या उसके कार्य में विघ्न ।
268. असेसर का प्रतिरूपण ।
269. जमानतपत्र या बंधपत्र पर छोड़े गए व्यक्ति द्वारा न्यायालय में हाजिर होने में असफलता ।

**अध्याय 15**

**लोक स्वास्थ्य, क्षेम, सुरक्षा, शिष्टता और सदाचार पर प्रभाव डालने वाले अपराधों के विषय में**

270. लोक न्यूसेन्स ।
271. उपेक्षापूर्ण कार्य जिससे जीवन के लिए संकटपूर्ण रोग का संक्रम फैलना संभाव्य हो ।
272. परिद्वेषपूर्ण कार्य, जिससे जीवन के लिए संकटपूर्ण रोग का संक्रम फैलना संभाव्य हो ।
273. करन्तीन के नियम की अवज्ञा ।
274. विक्रय के लिए आशयित खाद्य या पेय का अपमिश्रण ।
275. हानिकर खाद्य या पेय का विक्रय ।
276. ओषधियों का अपमिश्रण ।

**खंड**

277. अपमिश्रित ओषधियों का विक्रय ।

278. ओषधि का भिन्न ओषधि या निर्मिति के तौर पर विक्रय ।

279. लोक जल-स्रोत या जलाशय का जल गंदा करना ।

280. वायुमण्डल को स्वास्थ्य के लिए हानिकर बनाना ।

281. लोक मार्ग पर उतावलेपन से वाहन चलाना या हांकना ।

282. जलयान का उतावलेपन से चलाना ।

283. भ्रामक प्रकाश, चिह्न या बोये का प्रदर्शन ।

284. अक्षमकर या अति लदे हुए जलयान में भाड़े के लिए जलमार्ग से किसी व्यक्ति का प्रवहण ।

285. लोक मार्ग या नौपरिवहन पथ में संकट या बाधा ।

286. विषैले पदार्थ के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण ।

287. अग्नि या ज्वलनशील पदार्थ के सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण आचरण ।

288. विस्फोटक पदार्थ के बारे में उपेक्षापूर्ण आचरण ।

289. मशीनरी के सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण आचरण ।

290. किसी निर्माण को गिराने, उसकी मरम्मत करने या संनिर्माण करने के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण ।

291. जीव-जन्तु के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण ।

292. अन्यथा अनुपबन्धित मामलों में लोक न्यूसेन्स के लिए दण्ड ।

293. न्यूसेन्स बन्द करने के व्यादेश के पश्चात् उसका चालू रखना ।

294. अश्लील पुस्तकों, आदि का विक्रय आदि ।

295. बालक को अश्लील वस्तुओं का विक्रय, आदि ।

296. अश्लील कार्य और गाने ।

297. लाटरी कार्यालय रखना ।

**अध्याय 16**

## धर्म से संबंधित अपराधों के विषय में

298. किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के आशय से उपासना के स्थान को क्षति करना या अपवित्र करना ।

299. विमर्शित और विद्वेषपूर्ण कार्य जो किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से किए गए हों ।

300. धार्मिक जमाव में विघ्न करना ।

301. कब्रिस्तानों, आदि में अतिचार करना ।

302. किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के विमर्शित आशय से शब्द उच्चारित करना आदि ।

**अध्याय 17**

## सम्पत्ति के विरुद्ध अपराधों के विषय में

### चोरी के विषय में

303. चोरी ।

304. झपटमारी ।

**खंड**

305. निवास-गृह, यातायात के साधन या पूजा स्थल आदि में चोरी ।

306. लिपिक या सेवक द्वारा स्वामी के कब्जे में संपत्ति की चोरी ।

307. चोरी करने के लिए मृत्यु, उपहति या अवरोध कारित करने की तैयारी के पश्चात् चोरी ।

**उद्दापन के विषय में**

308. उद्दापन ।

**लूट और डकैती के विषय में**

309. लूट ।

310. डकैती ।

311. मृत्यु या घोर उपहति कारित करने के प्रयत्न के साथ लूट या डकैती ।

312. घातक आयुध से सज्जित होकर लूट या डकैती करने का प्रयत्न ।

313. लुटेरों, आदि की टोली का होने के लिए दण्ड ।

**सम्पत्ति के आपराधिक दुर्विनियोग के विषय में**

314. सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग ।

315. ऐसी सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग, जो मृत व्यक्ति की मृत्यु के समय उसके कब्जे में थी ।

**आपराधिक न्यासभंग के विषय में**

316. आपराधिक न्यासभंग ।

**चुराई हुई संपत्ति प्राप्त करने के विषय में**

317. चुराई हुई संपत्ति ।

**छल के विषय में**

318. छल ।

319. प्रतिरूपण द्वारा छल ।

**कपटपूर्ण विलेखों और संपत्ति व्ययनों के विषय में**

320. लेनदारों में वितरण निवारित करने के लिए संपत्ति का बेईमानी से या कपटपूर्वक अपसारण या छिपाना ।

321. ऋण को लेनदारों के लिए उपलब्ध होने से बेईमानी से या कपटपूर्वक निवारित करना ।

322. अन्तरण के ऐसे विलेख का, जिसमें प्रतिफल के संबंध में मिथ्या कथन अन्तर्विष्ट है, बेईमानी से या कपटपूर्वक निष्पादन ।

323. सम्पत्ति का बेईमानी से या कपटपूर्वक अपसारण या छिपाया जाना ।

**रिष्टि के विषय में**

324. रिष्टि ।

325. जीव-जन्तु को वध करने या उसे विकलांग करने द्वारा रिष्टि ।

326. क्षति, जलप्लावन, अग्नि या विस्फोटक पदार्थ द्वारा रिष्टि ।

327. रेल, वायुयान, तल्लायुक्त या बीस टन बोझ वाले जलयान को नष्ट करने या सापद बनाने के आशय से रिष्टि ।

328. चोरी, आदि करने के आशय से जलयान को साशय भूमि या किनारे पर चढ़ा देने के लिए दंड ।

खंड

**आपराधिक अतिचार के विषय में**

329. आपराधिक अतिचार और गृह-अतिचार ।

330. गृह-अतिचार और गृह-भेदन ।

331. गृह-अतिचार या गृह-भेदन के लिए दंड ।

332. अपराध को करने के लिए गृह-अतिचार ।

333. उपहति, हमला या सदोष अवरोध की तैयारी के पश्चात् गृह-अतिचार ।

334. ऐसे पात्र को, जिसमें संपत्ति है, बेईमानी से तोड़कर खोलना ।

**अध्याय 18**

**दस्तावेजों और संपत्ति चिह्नों संबंधी अपराधों के विषय में**

335. मिथ्या दस्तावेज रचना ।

336. कूटरचना ।

337. न्यायालय के अभिलेख की या लोक रजिस्टर आदि की कूटरचना ।

338. मूल्यवान प्रतिभूति, विल, इत्यादि की कूटरचना ।

339. धारा 337 या धारा 338 में वर्णित दस्तावेज को, उसे कूटरचित जानते हुए और उसे असली के रूप में उपयोग में लाने का आशय रखते हुए, कब्जे में रखना ।

340. कूटरचित दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख और इसे असली के रूप में उपयोग में लाना ।

341. धारा 338 के अधीन दण्डनीय कूटरचना करने के आशय से कूटकृत मुद्रा, आदि का बनाना या कब्जे में रखना ।

342. धारा 338 में वर्णित दस्तावेजों के अधिप्रमाणीकरण के लिए उपयोग में लाई जाने वाली अभिलक्षणा या चिह्न की कूटकृति बनाना या कूटकृत चिह्नयुक्त पदार्थ को कब्जे में रखना ।

343. विल, दत्तकग्रहण प्राधिकार-पत्र या मूल्यवान प्रतिभूति को कपटपूर्वक रद्द, नष्ट, आदि करना ।

344. लेखा का मिथ्याकरण ।

**संपत्ति-चिह्नों के विषय में**

345. सम्पत्ति-चिह्न ।

346. क्षति कारित करने के आशय से सम्पत्ति-चिह्न को बिगाड़ना ।

347. सम्पत्ति-चिह्न का कूटकरण ।

348. सम्पत्ति-चिह्न के कूटकरण के लिए कोई उपकरण बनाना या उस पर कब्जा ।

349. कूटकृत सम्पत्ति-चिह्न से चिह्नित माल का विक्रय ।

350. किसी ऐसे पात्र के ऊपर मिथ्या चिह्न बनाना जिसमें माल रखा है ।

**अध्याय 19**

**आपराधिक अभित्रास, अपमान, मानहानि, आदि के विषय में**

351. आपराधिक अभित्रास ।

352. लोकशांति भंग कराने को प्रकोपित करने के आशय से जानबूझकर अपमान ।

353. लोक रिष्टिकारक वक्तव्य ।

354. व्यक्ति को यह विश्वास करने के लिए उत्प्रेरित करके कि वह दैवी अप्रसाद का भाजन होगा, कराया गया कार्य ।

जुर्माने के लिए भी दायी होगा ।

**स्पष्टीकरण 1**—जब अठारह वर्ष से कम आयु की महिला किसी वेश्या को या किसी अन्य ऐसे व्यक्ति को, जो वेश्यागृह चलाता हो या उसका प्रबंध करता हो, बेची जाए, भाड़े पर दी जाए या अन्यथा व्ययनित की जाए, तब इस प्रकार ऐसी महिला को व्ययनित करने वाले व्यक्ति के बारे में, जब तक कि तत्प्रतिकूल साबित न कर दिया जाए, यह उपधारणा की जाएगी कि उसने उसको इस आशय से व्ययनित किया है कि वह वेश्यावृत्ति के लिए उपयोग में लाई जाएगी ।

**स्पष्टीकरण 2**—इस धारा के प्रयोजनों के लिए "अयुक्त संभोग" से ऐसे व्यक्तियों में मैथुन अभिप्रेत है, जो विवाह से संयुक्त नहीं हैं, या ऐसे किसी संयोग या बन्धन से संयुक्त नहीं हैं जो यद्‌यपि विवाह की कोटि में तो नहीं आता तथापि उस समुदाय की, जिसके वे हैं या यदि वे भिन्न समुदायों के हैं तो ऐसे दोनों समुदायों की, स्वीय विधि या रूढि द्‌वारा उनके बीच में विवाह-सदृश सम्बन्ध अभिज्ञात किया जाता हो ।

वेश्यावृत्ति आदि के प्रयोजनों के लिए बालक को खरीदना ।

**99.** जो कोई किसी बालक को इस आशय से कि ऐसा बालक किसी आयु में भी वेश्यावृत्ति या किसी व्यक्ति से अयुक्त संभोग करने के लिए या किसी विधिविरुद्‌ध और दुराचारिक प्रयोजन के लिए काम में लाया या उपयोग किया जाए या यह सम्भाव्य जानते हुए कि ऐसा व्यक्ति, किसी आयु में भी ऐसे किसी प्रयोजन के लिए काम में लाया जाएगा या उपयोग किया जाएगा, खरीदेगा, भाड़े पर लेगा, या अन्यथा उसका कब्जा अभिप्राप्त करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के, ऐसे अवधि के कारावास से, जो सात वर्ष से कम नहीं होगी किंतु चौदह वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा ।

**स्पष्टीकरण 1**—अठारह वर्ष से कम आयु की महिला को खरीदने वाली, भाड़े पर लेने वाली या अन्यथा उसका कब्जा अभिप्राप्त करने वाली किसी वेश्या के या वेश्यागृह चलाने या उसका प्रबन्ध करने वाले किसी व्यक्ति के बारे में, जब तक कि तत्प्रतिकूल साबित न कर दिया जाए, यह उपधारणा की जाएगी कि ऐसी महिला का कब्जा उसने इस आशय से अभिप्राप्त किया है कि वह वेश्यावृत्ति के प्रयोजनों के लिए उपयोग में लाई जाएगी ।

**स्पष्टीकरण 2**—"अयुक्त संभोग" का वही अर्थ है, जो धारा 98 में है ।

**अध्याय 6**

## मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले अपराधों के विषयों में

### जीवन के लिए संकटकारी अपराधों के विषय में

आपराधिक मानव वध ।

**100.** जो कोई मृत्यु कारित करने के आशय से, या ऐसी शारीरिक क्षति कारित करने के आशय से, जिससे मृत्यु कारित हो जाना सम्भाव्य हो, या यह ज्ञान रखते हुए कि यह सम्भाव्य है कि वह उस कार्य से मृत्यु कारित कर दे, कोई कार्य करके, मृत्यु कारित कर देता है, वह आपराधिक मानव वध का अपराध करता है ।

**दृष्टांत**

(क) **क** एक गड्ढे पर लकड़ियां और घास इस आशय से बिछाता है कि तद्‌द्‌वारा मृत्यु कारित करे या यह ज्ञान रखते हुए बिछाता है कि सम्भाव्य है कि तद्‌द्‌वारा मृत्यु कारित हो । **य** यह विश्वास करते हुए कि वह भूमि सुदृढ़ है, उस पर चलता है, उसमें गिर पड़ता है

## उद्देश्यों और कारणों का कथन

वर्ष 1834 में, लॉर्ड थॉमस बेबिंग्टन मैकॉले की अध्यक्षता में विद्यमान न्यायालयों की अधिकारिता, शक्ति और नियमों के साथ, पुलिस स्थापनों और भारत में प्रवृत्त विधियों की जांच करने के लिए भारतीय विधि आयोग का गठन किया गया था ।

2. आयोग ने सरकार को विभिन्न अधिनियमितियों का सुझाव दिया । आयोग द्वारा की गई महत्वपूर्ण सिफारिशों में से एक भारतीय दंड संहिता के लिए थी, जिसे वर्ष 1860 में अधिनियमित किया गया था और उक्त संहिता, समय-समय पर उसमें किए गए कुछ संशोधनों के साथ देश में अभी भी बनी हुई है ।

3. भारत सरकार ने विधि और व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से और विधिक प्रक्रिया को सरल करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, विद्यमान दाण्डिक विधियों का पुनर्विलोकन करना समीचीन और आवश्यक समझा है, जिससे जन साधारण की जीवनयापन की सुगमता सुनिश्चित की जा सके । सरकार ने विद्यमान विधियों को समकालीन स्थिति के अनुसार सुसंगत बनाने और जन साधारण को त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए भी विचार किया । तद्नुसार, समकालीन आवश्यकताओं और लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा विधिक ढांचा सृजित करने की दृष्टि से, जो नागरिक केंद्रित हो और नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए विभिन्न पणधारियों से परामर्श किया गया ।

4. भारतीय दंड संहिता का निरसन करके, एक नई विधि को अधिनियमित करने का प्रस्ताव किया गया है, जिससे अपराधों और शास्तियों से संबंधित उपबंधों को सुप्रवाही किया जा सके । समुदाय सेवा को पहली बार छोटे अपराधों के लिए एक दंड के रूप में उपबंधित करना प्रस्तावित है । महिलाओं और बालकों के विरूद्ध अपराध, हत्या और राज्य के विरूद्ध अपराधों को अग्रताक्रम दिया गया है । विभिन्न अपराधों को लैंगिक रूप से तटस्थ बनाया गया है । संगठित अपराधों और आंतकवादी कार्यकलापों की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए, आंतकवादी कार्यकलाप और संगठित अपराध के नए अपराधों को विधेयक में कठोर दंड के साथ जोड़ा गया है । अलगाववाद, सशस्त्र विद्रोह, विध्वसंक कार्यकलाप, अलगाववादी कार्यकलाप या भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता पर खतरों को नए अपराध के रूप में जोडा गया है । विभिन्न अपराधों के लिए जुर्माने और दंड में भी समुचित रूप से वृद्धि की गई है ।

5. तदनुसार, तारीख 11 अगस्त, 2023 को एक विधेयक अर्थात् भारतीय न्याय संहिता, 2023, लोक सभा में पुर:स्थापित किया गया था । विधेयक, विभाग-संबंधित गृह कार्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति को उसके विचार और रिपोर्ट हेतु निर्दिष्ट किया गया था । समिति ने विचार-विमर्श करने के पश्चात्, तारीख 10 नवंबर, 2023 को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में अपनी सिफारिशें की थी । समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा विचार किया गया और लोक सभा में लंबित विधेयक को वापस लेने तथा समिति द्वारा की गई उन सिफारिशों को सम्मिलित करते हुए, जिन्हें सरकार द्वारा स्वीकार किया गया है, एक नया विधेयक पुर:स्थापित करने का विनिश्चय किया गया है ।

## खंडों पर टिप्पण

विधेयक का खंड 1, प्रस्तावित विधान के संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और लागू होने का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 2, प्रस्तावित विधान में प्रयोग किए गए कतिपय शब्दों और पदों, यथा कार्य, लोप, कूटकरण, बेईमानी से, लिंग, सद्भावपूर्वक, अपराध, स्वैच्छया, आदि को परिभाषित करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 3, "साधारण अपवाद" अध्याय में अंतर्विष्ट अपवादों के अध्यधीन प्रस्तावित विधान में प्रगणित साधारण स्पष्टीकरणों और पदों का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 4, प्रस्तावित विधेयक के उपबंधों के अधीन उपबंधित अपराधों के लिए दंडों का जैसे मृत्यु, आजीवन कारावास, संपत्ति का संपहरण, जुर्माना और सामुदायिक सेवा का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 5, दण्डादेश के लघुकरण से संबंधित है ।

यह खंड उपबंध करता है कि समुचित सरकार अपराधी की सहमति के बिना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 474 के अनुसार किसी अन्य दंड को इस संहिता के अधीन किसी अन्य दण्डादेश में लघुकृत कर सकेगी ।

यह "समुचित सरकार" पद को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 6, दण्डावधियों की भिन्नों का गणना करने में, आजीवन कारावास को यदि अन्यथा उपबंधित नहीं है तो बीस वर्ष के कारावास के तुल्य होने का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 7, ऐसा दण्डादेश का उपबंध करने के लिए है जो यातो संपूर्ण कठोर या सादा हो सकेगा या भागत: कठोर या सादा हो सकेगा ।

यह उपबंध करता है कि प्रत्येक ऐसे मामले में, जिसमें कोई अपराधी दोनों में से किसी भांति के कारावास से दण्डनीय है, वह न्यायालय, जो ऐसे अपराधी को दण्डादेश देगा, सक्षम होगा कि दण्डादेश में यह निर्दिष्ट करे कि ऐसा सम्पूर्ण कारावास कठिन होगा, या यह कि ऐसा सम्पूर्ण कारावास सादा होगा, या यह कि ऐसे कारावास का कुछ भाग कठिन होगा और शेष सादा ।

विधेयक का खंड 8, जुर्माना आदि के भुगतान में व्यतिक्रम करने के लिए जुर्माने की राशि का और जुर्माना आदि के भुगतान में व्यतिक्रम करने पर कारावास का उपबंध करने के लिए है ।

यह उपबंध करता है कि जहां वह राशि अभिव्यक्त नहीं की गई है, कि कितना जुर्माना हो सकेगा, वहां अपराधी जिस जुर्माने की रकम का दायी है, वह असीमित है, किन्तु अत्यधिक नहीं होगा और ऐसी दी गई परिस्थितियों के अधीन कारावास की अवधि या प्रकार का अवधि उपबंध करता है ।

यह और उपबंध करता है कि जुर्माना या उसका कोई भाग, जो चुकाया न गया हो, दण्डादेश दिए जाने के पश्चात् छह वर्ष के भीतर किसी भी समय, और यदि अपराधी

की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा और जहां उस महिला की सम्मति के बिना किया जाए, तो वह आजीवन कारावास से, या दस वर्ष तक की अवधि के कारावास से, दण्डित किया जाएगा ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि इस अपराध के लिए यह आवश्यक नहीं है कि अपराधी जानता हो कि उस कार्य से मृत्यु कारित करना संभाव्य है ।

विधेयक का खंड 91, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई किसी बालक के जन्म से पूर्व कोई कार्य इस आशय से करेगा कि उस बालक का जीवित पैदा होना तद्द्वारा रोका जाए या जन्म के पश्चात् तद्द्वारा उसकी मृत्यु कारित हो जाए, और ऐसे कार्य से उस बालक का जीवित पैदा होना रोकेगा, या उसके जन्म के पश्चात् उसकी मृत्यु कारित कर देगा, यदि वह कार्य माता के जीवन को बचाने के प्रयोजन से सद्भावपूर्वक नहीं किया गया हो, तो वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जाएगा ।

विधेयक का खंड 92, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई ऐसा कोई कार्य ऐसी परिस्थितियों में करेगा कि यदि वह तद्द्वारा मृत्यु कारित कर देता, तो वह आपराधिक मानव वध का दोषी होता और ऐसे कार्य द्वारा किसी सजीव अजात बालक की मृत्यु कारित करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा, और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा ।

विधेयक का खंड 93, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई बारह वर्ष से कम आयु के बालक का पिता या माता होते हुए, या ऐसे बालक की देखरेख का भार रखते हुए, ऐसे बालक का पूर्णतः परित्याग करने के आशय से उस बालक को किसी स्थान में अरक्षित डाल देगा या छोड़ देगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से या दोनों से, दण्डित किया जाएगा ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि यदि बालक अरक्षित डाल दिए जाने के परिणामस्वरूप मर जाए, तो, यथास्थिति, हत्या या आपराधिक मानव वध के लिए अपराधी का विचारण निवारित करना इस खंड से आशयित नहीं है ।

विधेयक का खंड 94, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई किसी बालक के मृत शरीर को गुप्त रूप से गाड़कर या अन्यथा उसका व्ययन करके, चाहे ऐसे बालक की मृत्यु उसके जन्म से पूर्व या पश्चात् या जन्म के दौरान में हुई हो, ऐसे बालक के जन्म को जानबूझकर छिपाएगा या छिपाने का प्रयास करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जाएगा ।

विधेयक का खंड 95, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई किसी अपराध को कारित करने के लिए किसी बालक को भाडे पर लेगा, नियोजित करेगा या नियुक्त करेगा, तो वह किसी भी भांति के कारावास से, जो तीन वर्ष से कम नहीं होगा, किंतु जो दस वर्ष तक का हो सकेगा और जुर्माने से भी दंडनीय होगा ; और यदि अपराध कारित किया जाता है तो, वह उस अपराध के लिए उपबंधित दंड से भी दंडित किया जाएगा, मानो ऐसा अपराध ऐसे व्यक्ति ने स्वयं किया हो ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि लैंगिक शोषण या अश्लील साहित्य के लिए बालक

तत्प्रतिकूल साबित न कर दिया जाए, यह उपधारणा की जाएगी कि ऐसी महिला का कब्जा उसने इस आशय से अभिप्राप्त किया है कि वह वेश्यावृत्ति के प्रयोजनों के लिए उपयोग में लाई जाएगी और "अयुक्त संभोग" पद को भी स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 100, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई मृत्यु कारित करने के आशय से, या ऐसी शारीरिक क्षति कारित करने के आशय से जिससे मृत्यु कारित हो जाना सम्भाव्य हो, या यह ज्ञान रखते हुए कि यह सम्भाव्य है कि वह उस कार्य से मृत्यु कारित कर दे, कोई कार्य करके मृत्यु कारित कर देता है, वह आपराधिक मानव वध का अपराध करता है ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि जहां कि शारीरिक क्षति से मृत्यु कारित की गई हो, वहां जिस व्यक्ति ने, ऐसी शारीरिक क्षति कारित की हो, उसने वह मृत्यु कारित की है, यह समझा जाएगा किन्तु मां के गर्भ में स्थित किसी बालक की मृत्यु कारित करना मानव वध नहीं है । किन्तु किसी जीवित बालक की मृत्यु कारित करना आपराधिक मानव वध की कोटि में आ सकेगा, यदि उस बालक का कोई भाग बाहर निकल आया हो, यद्यपि उस बालक ने श्वास नहीं ली हो या उसने पूर्णत: जन्म नहीं लिया हो ।

विधेयक का खंड 101, विभिन्न परिस्थितियों का उपबंध करने के लिए है, जिनके अधीन आपराधिक मानव वध, हत्या है ।

स्पष्टीकरण 1 से स्पष्टीकरण 5 तक का अंत:स्थापित करने का प्रस्ताव यह उपबंध करने के लिए है कि जब आपराधिक मानव वध, हत्या नहीं है ।

विधेयक का खंड 102, यह उपबंध करने के लिए है कि यदि कोई व्यक्ति कोई ऐसे कृत्य द्वारा, जिससे उसका आशय मृत्यु कारित करना हो, या जिससे वह जानता हो कि मृत्यु कारित होना सम्भाव्य है, किसी व्यक्ति की मृत्यु कारित करके, जिसकी मृत्यु कारित करने का न तो उसका आशय हो और न वह यह संभाव्य जानता हो कि वह उसकी मृत्यु कारित करेगा, आपराधिक मानव वध करे, तो अपराधी द्वारा किया गया आपराधिक मानव वध उस भांति का होगा, जिस भांति का वह होता, यदि वह उस व्यक्ति की मृत्यु कारित करता जिसकी मृत्यु कारित करना उसके द्वारा आशयित था या वह जानता था कि उस द्वारा उसकी मृत्यु कारित होना सम्भाव्य है ।

विधेयक का खंड 103, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई हत्या करेगा, वह मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डित किया जाएगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा । उपखंड (2) यह भी उपबंध करता है कि जब पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का कोई समूह मिलकर मूलवंश, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा व्यैक्तिक विश्वास या किसी अन्य समरूप आधार पर हत्या कारित करते हैं तो ऐसे समूह का प्रत्येक सदस्य मृत्यु या आजीवन कारावास के दंड से दंडनीय होगा और जुर्माने के लिए भी दायी होगा ।

विधेयक का खंड 104, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई आजीवन कारावास के दण्डादेश के अधीन होते हुए हत्या करेगा, वह मृत्यु या आजीवन कारावास, जो व्यक्ति के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए होगा, से दण्डित किया जाएगा ।

विधेयक का खंड 105, हत्या की कोटि में न आने वाले आपराधिक मानव वध के लिए दण्ड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 106, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई उतावलेपन से या

विधेयक का खंड 127, सदोष परिरोध को परिभाषित करने और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 128, बल को परिभाषित करने का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 129, आपराधिक बल को यथा परिभाषित करने का उपबंध करने के लिए है, जो कोई किसी व्यक्ति पर उस व्यक्ति की सम्मति के बिना बल का प्रयोग किसी अपराध को करने के लिए, या ऐसे बल के प्रयोग से कारित करने के आशय से, या ऐसे बल के प्रयोग से सम्भाव्यत: उस व्यक्ति को, जिस पर बल का प्रयोग किया गया है, को क्षति, भय या क्षोभ,कारित करेगा यह जानते हुए जानबूझकर करता है, इसे उस अन्य व्यक्ति पर आपराधिक बल का प्रयोग किया जाना कहा जाता है ।

विधेयक का खंड 130, हमला को परिभाषित करने का उपबंध करने के लिए है ।

यह और उपबंध करता है कि केवल शब्द हमले की कोटि में नहीं आते । किन्तु कोई व्यक्ति ऐसे शब्द प्रयोग करता है, जो उसके अंगविक्षेप या तैयारियों को ऐसा अर्थ दे सकते हैं जिससे वे अंगविक्षेप या तैयारियां हमले की कोटि में आ जाएं ।

विधेयक का खंड 131, गम्भीर प्रकोपन होने से अन्यथा हमला करने या आपराधिक बल का प्रयोग करने के लिए दण्ड का उपबंध करने के लिए है ।

यह और उपबंध करता है कि दी गई परिस्थितियों के अधीन गम्भीर और अचानक प्रकोपन से इस खंड के अधीन किसी अपराध के दण्ड में कमी नही होगी और प्रकोपन अपराध को कम करने के लिए पर्याप्त गम्भीर और अचानक था या नहीं, यह तथ्य का प्रश्न है ।

विधेयक का खंड 132, लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से भयोपरत् करने के लिए हमला या आपराधिक बल के प्रयोग के लिए दण्ड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 133, गम्भीर प्रकोपन होने से अन्यथा, किसी व्यक्ति का अनादर करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल के प्रयोग के लिए दण्ड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 134, किसी व्यक्ति द्वारा ले जाई जाने वाली संपत्ति की चोरी के प्रयत्नों में हमला या आपराधिक बल के प्रयोग के लिए दण्ड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 135, किसी व्यक्ति का सदोष परिरोध करने के प्रयत्नों में हमला या आपराधिक बल के प्रयोग के लिए दण्ड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 136, गम्भीर प्रकोपन मिलने पर हमला या आपराधिक बल के प्रयोग के लिए दण्ड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 137, व्यपहरण को परिभाषित करने और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

यह "विधिपूर्ण संरक्षक" पद और इस खंड का विस्तार किसी ऐसे व्यक्ति के कार्य पर नहीं है, जिसे सद्भावपूर्वक यह विश्वास है कि वह किसी अधर्मज बालक का पिता है, या जिसे सद्भावपूर्वक यह विश्वास है कि वह ऐसे बालक की विधिपूर्ण अभिरक्षा का हकदार है, जब तक कि ऐसा कार्य दुराचारिक या विधिविरुद्ध प्रयोजन के लिए न किया जाए, को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 138, यह उपबंध करने के लिए है कि जो कोई, किसी व्यक्ति को किसी स्थान से जाने के लिए बल द्वारा विवश करता है, या किन्हीं प्रवंचनापूर्ण उपायों द्वारा उत्प्रेरित करता है, तो यह कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति का अपहरण करता है ।

विधेयक का खंड 139, भीख मांगने के प्रयोजनों के लिए बालक का व्यपहरण या विकलांगीकरण को परिभाषित करने और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 140, हत्या करने के लिए या फिरौती के लिए व्यपहरण या अपहरण करने और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 141, विदेश से बालिका या बालक का आयात करने और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 142, व्यपहृत या अपहृत व्यक्ति को सदोष छिपाने या परिरोध में रखने और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 143, व्यक्ति के दुर्व्यापार और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

यह "दुर्व्यापार" और "पीड़ित की सहमति" पद को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 144, दुर्व्यापार किए गए व्यक्ति का शोषण और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

यह अन्य बातों के साथ-साथ उपबंध करता है कि जो कोई यह जानते हुए या इस बात का विश्वास करने का कारण रखते हुए कि किसी व्यक्ति का दुर्व्यापार किया गया है, ऐसे व्यक्ति को किसी भी रीति में लैंगिक शोषण के लिए रखेगा, वह कठिन कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष से कम की नहीं होगी, किंतु जो सात वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा ।

विधेयक का खंड 145, दासों के आभ्यासिक व्यौहार करने और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 146, विधिविरुद्ध अनिवार्य श्रम और उसके लिए दंड का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 147, जो कोई भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करेगा, या ऐसा युद्ध करने का प्रयत्न करेगा या ऐसा युद्ध करने का दुष्प्रेरण करेगा, वह मृत्यु या आजीवन कारावास से दंडित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा, का उपबंध करने के लिए है।

विधेयक का खंड 148, खंड 147 द्वारा दंडनीय अपराधों को करने का षड्यंत्र करने का उपबंध करता है ।

यह और उपबंध करता है कि इस खंड के अधीन षड्यंत्र गठित होने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उसके अनुसरण में कोई कार्य या अवैध लोप गठित हुआ हो ।

विधेयक का खंड 149, भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध करने के आशय से आयुध आदि संग्रह करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 150, युद्ध करने की परिकल्पना को सुकर बनाने के आशय से छिपाना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 151, किसी विधिपूर्ण शक्ति का प्रयोग करने के लिए विवश करने या उसका प्रयोग अवरोधित करने के आशय से राष्ट्रपति, राज्यपाल आदि पर हमला करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 152, भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाला कार्य और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और उपबंध करता है कि इस खंड में निर्दिष्ट क्रियाकलाप प्रदीप्त किए बिना या प्रदीप्त करने के प्रयास के बिना विधिपूर्ण साधनों द्वारा उनको परिवर्तित कराने की दृष्टि से सरकार के उपायों या प्रशासनिक या अन्य क्रिया के प्रति अननुमोदन प्रकट करने वाली टीका-टिप्पणियां इस धारा के अधीन अपराध का गठन नहीं करती ।

विधेयक का खंड 153, भारत सरकार से मैत्री संबंध रखने वाले किसी विदेशी राज्य के विरुद्ध युद्ध करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 154, भारत सरकार के साथ शांति का संबंध रखने वाली शक्ति के राज्यक्षेत्र में लूटपाट करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 155, खंड 153 और खंड 154 में वर्णित युद्ध या लूटपाट द्वारा ली गई सम्पत्ति प्राप्त करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 156, लोक सेवक का स्वेच्छया राजकैदी या युद्धकैदी को निकल भागने देना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 157, उपेक्षा से लोक सेवक का ऐसे कैदी का निकल भागना सहन करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 158, ऐसे कैदी के निकल भागने में सहायता देना, उसे छुड़ाना या संश्रय देना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और उपबंध करता है कि कोई राजकैदी या युद्धकैदी, जिसे अपने पैरोल पर भारत में कतिपय सीमाओं के भीतर, यथेच्छ विचरण की अनुज्ञा है, विधिपूर्ण अभिरक्षा से निकल भागा है, यह तब कहा जाता है, जब वह उन सीमाओं से परे चला जाता है, जिनके भीतर उसे यथेच्छ विचरण की अनुज्ञा है ।

विधेयक का खंड 159, जो कोई भारत सरकार की सेना, नौसेना या वायुसेना के किसी अधिकारी, सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा विद्रोह किए जाने का दुष्प्रेरण करेगा, या किसी ऐसे अधिकारी, सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक को उसकी राजनिष्ठा या उसके कर्तव्य से विचलित करने का प्रयत्न करेगा, वह आजीवन कारावास से या दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा, का उपबंध करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 160, विद्रोह का दुष्प्रेरण यदि उसके परिणामस्वरूप विद्रोह किया जाए और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 161, सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी पर जब कि वह अधिकारी अपने पद-निष्पादन में हो, हमले का दुष्प्रेरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 162, जो कोई भारत सरकार की सेना, नौसेना या वायुसेना के

करता है ।

विधेयक का खंड 226, विधिविरुद्ध शक्ति का प्रयोग करने या प्रयोग करने से विरत रहने के लिए आत्महत्या करने का प्रयास और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 227, मिथ्या साक्ष्य देने का उपबंध करता है ।

यह "कथन" और "मिथ्या कथन" को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 228, मिथ्या साक्ष्य गढ़ने का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 229, मिथ्या साक्ष्य के लिए दंड और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह "न्यायिक कार्यवाही" और "अन्वेषण" को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 230, मृत्यु से दंडनीय अपराध के लिए दोषसिद्धि कराने के आशय से मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 231, आजीवन कारावास या कारावास से दंडनीय अपराध के लिए दोषसिद्धि कराने के आशय से मिथ्या साक्ष्य देना या गढ़ना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 232, किसी व्यक्ति को मिथ्या साक्ष्य देने के लिए धमकाना या उत्प्रेरित करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 233, उस साक्ष्य को काम में लाना, जिसका मिथ्या होना ज्ञात है और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 234, मिथ्या प्रमाणपत्र जारी करना या हस्ताक्षरित करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 235, प्रमाणपत्र को, जिसका मिथ्या होना ज्ञात है, सत्य के रूप में काम में लाना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 236, ऐसी घोषणा में, जो साक्ष्य के रूप में विधि द्वारा ली जा सके, किया गया मिथ्या कथन और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 237, ऐसी घोषणा का मिथ्या होना जानते हुए, उसे सच्ची के रूप में काम में लाना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह "घोषणा" को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 238, अपराध के साक्ष्य का विलोपन, या अपराधी को प्रतिच्छादित करने के लिए मिथ्या इत्तिला देना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 239, इत्तिला देने के लिए आबद्ध व्यक्ति द्वारा अपराध की इत्तिला देने का जानबूझकर लोप और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 240, किए गए अपराध के विषय में मिथ्या इत्तिला देना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 241, साक्ष्य के रूप में किसी दस्तावेज का पेश किया जाना निवारित करने के लिए उसको नष्ट करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 284, अक्षमकर या अति लदे हुए जलयान में भाड़े के लिए जलमार्ग से किसी व्यक्ति का प्रवहण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 285, लोक मार्ग या नौपरिवहन पथ में संकट या बाधा और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 286, विषैले पदार्थ के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 287, अग्नि या ज्वलनशील पदार्थ के सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण आचरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 288, विस्फोटक पदार्थ के बारे में उपेक्षापूर्ण आचरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 289, मशीनरी के सम्बन्ध में उपेक्षापूर्ण आचरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 290, किसी निर्माण को गिराने या उसकी मरम्मत करने के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 291, जीव-जन्तु के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 292, अन्यथा अनुपबन्धित मामलों में लोक न्यूसेन्स के लिए दण्ड और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 293, न्यूसेन्स बन्द करने के व्यादेश के पश्चात् उसका चालू रखना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 294, अश्लील पुस्तकों आदि का विक्रय आदि और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह अपवाद में और उपबंध करता कि यह खंड, ऐसे पुस्तक, पुस्तिका, कागज, लेख, रेखाचित्र, रंगचित्र, रूपण या आकृति जो विज्ञान, साहित्य, कला या विद्या या सर्वजन संबंधी अन्य उद्देश्यों के हित में है या जो सद्भावनापूर्वक धार्मिक प्रयोजन के लिए रखी या उपयोग में लाई जाती है, पर लागू नहीं होगा ।

विधेयक का खंड 295, बालक को अश्लील वस्तुओं का विक्रय, आदि और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 296, अश्लील कार्य और गाने और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 297, लाटरी कार्यालय रखना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 298, किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के आशय से उपासना के स्थान को क्षति करना या अपवित्र करनाऔर उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 299, विमर्शित और विद्वेषपूर्ण कार्य जो किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से किए गए हों और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 300, धार्मिक जमाव में विघ्न करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 301, कब्रिस्तानों आदि में अतिचार करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 302, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के विमर्शित आशय से, शब्द उच्चारित करना आदि और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 303, जो कोई किसी व्यक्ति के कब्जे में से, उस व्यक्ति की सम्मति के बिना कोई जंगम सम्पत्ति बेईमानी से ले लेने का आशय रखते हुए वह सम्पत्ति ऐसे लेने के लिए हटाता है, वह चोरी करता है, यह कहा जाता है, का उपबंध करता है ।

यह चोरी को कारित करने के संबंध में चोरी का विषय होने योग्य वस्तु, पृथकरण करना, किसी चीज को हटाने, किसी साधन द्वारा किसी जीव-जंतु का हटाना और सहमति को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 304, झपटमारी और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 305, निवास-गृह, यातायात के साधन या पूजा स्थल आदि में चोरी और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 306, लिपिक या सेवक द्वारा स्वामी के कब्जे में संपत्ति की चोरी और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 307, चोरी करने के लिए मृत्यु, उपहति या अवरोध कारित करने की तैयारी के पश्चात् चोरी और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 308, उद्दापन और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 309, लूट और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और उपबंध करता है कि अपराधी का उपस्थित होना कहा जाता है, यदि वह उस अन्य व्यक्ति को तत्काल मृत्यु के, तत्काल उपहति के, या तत्काल सदोष अवरोध के भय में डालने के लिए पर्याप्त रूप से निकट हो ।

विधेयक का खंड 310, डकैती और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 311, मृत्यु या घोर उपहति कारित करने के प्रयत्न के साथ लूट या डकैती और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 312, घातक आयुध से सज्जित होकर लूट या डकैती करने का प्रयत्न और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 313, चोरों की टोली का होने के लिए दण्ड और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 314, सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह स्पष्टीकरण 1 और स्पष्टीकरण 2 में और उपबंध करता है कि केवल कुछ समय के लिए बेईमानी से दुर्विनियोग करना इस खंड के अर्थ के अंतर्गत दुर्विनियोग है और अन्य बातों के साथ-साथ जिस व्यक्ति को ऐसी सम्पत्ति पड़ी मिल जाती है, जो किसी अन्य

व्यक्ति के कब्जे में नहीं है और वह उसके स्वामी के लिए उसको संरक्षित रखने या उसके स्वामी को उसे प्रत्यावर्तित करने के प्रयोजन से ऐसी सम्पत्ति को लेता है, वह न तो बेईमानी से उसे लेता है और न बेईमानी से उसका दुर्विनियोग करता है, और किसी अपराध का दोषी नहीं है, किन्तु वह ऊपर परिभाषित अपराध का दोषी है, यदि वह उसके स्वामी को जानते हुए या खोज निकालने के साधन रखते हुए या उसके स्वामी को खोज निकालने और सूचना देने के युक्तियुक्त साधन उपयोग में लाने और उसके स्वामी को उसकी मांग करने को समर्थ करने के लिए उस सम्पत्ति की युक्तियुक्त समय तक रखे रखने के पूर्व उसको अपने लिए विनियोजित कर लेता है ।

विधेयक का खंड 315, ऐसी सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग, जो मृत व्यक्ति की मृत्यु के समय उसके कब्जे में थी और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 316, आपराधिक न्यासभंग और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह विधि के किसी निदेश का अतिक्रमण करके कर्मचारियों के अभिदाय की रकम का बईमानी से उपयोग करने को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 317, चुराई हुई संपत्ति और उसके दंड का उपबंध करता है, यदि दी गई परिस्थितियों के अधीन वह प्राप्त की जाती है, रखी जाती है, छिपाने में या व्ययनित करने में या इधर-उधर करने में सहायता की जाती है ।

विधेयक का खंड 318, छल और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि तथ्यों का बेईमानी से छिपाना इस धारा के अर्थ के अंतर्गत प्रवंचना है ।

विधेयक का खंड 319, प्रतिरूपण द्वारा छल और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि यह अपराध हो जाता है, चाहे वह व्यक्ति, जिसका प्रतिरूपण किया गया है, वास्तविक व्यक्ति हो या काल्पनिक ।

विधेयक का खंड 320, लेनदारों में वितरण निवारित करने के लिए संपत्ति का बेईमानी से या कपटपूर्वक अपसारण या छिपाना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 321, जो कोई किसी ऋण का या मांग का, जो स्वयं उसको या किसी अन्य व्यक्ति को शोध्य हो, अपने या ऐसे अन्य व्यक्ति के ऋणों को चुकाने के लिए विधि के अनुसार उपलभ्य होना कपटपूर्वक या बेईमानी से निवारित करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दंडित किया जाएगा, का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 322, ऋण को लेनदारों के लिए उपलब्ध होने से बेईमानी से या कपटपूर्वक निवारित करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 323, सम्पत्ति का बेईमानी से या कपटपूर्वक अपसारण या छिपाया जाना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 324, रिष्टि और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह स्पष्टीकरण 1 और स्पष्टीकरण 2 में और उपबंध करता है कि रिष्टि के अपराध के लिए यह आवश्यक नहीं है कि अपराधी क्षतिग्रस्त या नष्ट सम्पत्ति के स्वामी को हानि या नुकसान कारित करने का आशय रखे । यह पर्याप्त है कि उसका यह आशय है या वह

यह सम्भाव्य जानता है कि वह किसी सम्पत्ति को क्षति करके किसी व्यक्ति को, चाहे वह सम्पत्ति उस व्यक्ति की हो या नहीं, सदोष हानि या नुकसान कारित करे और ऐसी सम्पत्ति पर प्रभाव डालने वाले कार्य द्वारा, जो उस कार्य को करने वाले व्यक्ति की हो, या संयुक्त रूप से उस व्यक्ति की और अन्य व्यक्तियों की हो, रिष्टि की जा सकेगी ।

विधेयक का खंड 325, जीव-जन्तु को वध करने या उसे विकलांग करने द्वारा रिष्टि और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 326, क्षति, जलप्लावन, अग्नि या विस्फोटक पदार्थ द्वारा रिष्टि और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 327, जो कोई किसी रेल, वायुयान, तल्लायुक्त जलयान या बीस टन या उससे अधिक बोझ वाले जलयान को नष्ट करने या सापद बना देने के आशय से, या यह संभाव्य जानते हुए कि वह तद्द्वारा उसे नष्ट करेगा, या सापद बना देगा, उस रेल, वायुयान, या जलयान की रिष्टि करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि दस वर्ष तक की हो सकेगी, दंडित किया जाएगा और जुर्माने का भी दायी होगा, का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 328, चोरी, आदि करने के आशय से जलयान को जानबूझकर भूमि या किनारे पर चढ़ा देने के लिए दंड और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 329, आपराधिक अतिचार और गृह अतिचार और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि आपराधिक अतिचार करने वाले व्यक्ति के शरीर के किसी भाग का प्रवेश गृह-अतिचार गठित करने के लिए पर्याप्त प्रवेश है ।

विधेयक का खंड 330, गृह-अतिचार और गृह-भेदन का उपबंध करता है ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि कोई उपगृह या निर्माण जो किसी गृह के साथ-साथ अधिभोग में है, और जिसके और ऐसे गृह के बीच आने जाने का अव्यवहित भीतरी रास्ता है, इस धारा के अर्थ के अंतर्गत उस गृह का भाग है ।

विधेयक का खंड 331, गृह-अतिचार या गृह-भेदन के लिए दंड और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 332, अपराध को करने के लिए गृह-अतिचार और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 333, उपहति, हमला या सदोष अवरोध की तैयारी के पश्चात् गृह-अतिचार और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 334, ऐसे पात्र को, जिसमें संपत्ति है, बेईमानी से तोड़कर खोलने का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 335, मिथ्या दस्तावेज रचना का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 336, कूटरचना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 337, न्यायालय के अभिलेख की या लोक रजिस्टर आदि की कूटरचना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह “रजिस्टर” पद को और स्पष्ट करने के लिए है ।

विधेयक का खंड 338, मूल्यवान प्रतिभूति, विल, इत्यादि की कूटरचना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 339, खंड 337 या खंड 338 में वर्णित दस्तावेज को, उसे कूटरचित जानते हुए और उसे असली के रूप में उपयोग में लाने का आशय रखते हुए, कब्जे में रखना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 340, कूटरचित दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख और इसे असली के रूप में उपयोग में लाना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 341, खंड 338 के अधीन दण्डनीय कूटरचना करने के आशय से कूटकृत मुद्रा, आदि का बनाना या कब्जे में रखना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 342, खंड 338 में वर्णित दस्तावेजों के अधिप्रमाणीकरण के लिए उपयोग में लाई जाने वाली अभिलक्षण या चिन्ह का कूटकृति बनाना या कूटकृत चिन्हयुक्त पदार्थ की कब्जे मे रखना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 343, विल, दत्तकग्रहण प्राधिकार-पत्र या मूल्यवान प्रतिभूति को कपटपूर्वक रद्‌द, नष्ट, आदि करना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 344, लेखा का मिथ्याकरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और उपबंध करता है कि इस खंड के अधीन किसी आरोप में, किसी विशिष्ट व्यक्ति का, जिससे कपट करना आशयित था, नाम बताए बिना या किसी विशिष्ट धनराशि का, जिसके विषय में कपट किया जाना आशयित था या किसी विशिष्ट दिन का, जिस दिन अपराध किया गया था, विनिर्देश किए बिना, कपट करने के साधारण आशय का अभिकथन पर्याप्त होगा ।

विधेयक का खंड 345, सम्पत्ति-चिह्न और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 346, क्षति कारित करने के आशय से सम्पत्ति-चिह्न को बिगाड़ना और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 347, सम्पत्ति-चिह्न का कूटकरण और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 348, सम्पत्ति-चिह्न के कूटकरण के लिए कोई उपकरण बनाना या उस पर कब्जा और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 349, कूटकृत सम्पत्ति-चिह्न से चिह्नित माल का विक्रय और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 350, किसी ऐसे पात्र के ऊपर मिथ्या चिह्न बनाना जिसमें माल रखा है और उसके दंड का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 351, आपराधिक अभित्रास और उसके दंड का उपबंध करता है ।

यह और स्पष्ट करने के लिए है कि किसी ऐसे मृत व्यक्ति की ख्याति को क्षति करने की धमकी जिससे वह व्यक्ति, जिसे धमकी दी गई है, हितबद्‌ध हो, इस धारा के अन्तर्गत आता है ।

